अमर उजाला
बरेली
शुक्रवार, 30 अगस्त 2024

PAGE NO : 06 TOP

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आज होगा आगाज

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 'विज्ञान व प्रौद्योगिकी में गणित और इसके अनुप्रयोग' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। 30 और 31 अगस्त को होने वाले सम्मेलन में कई देशों के शिक्षाविद् ऑनलाइन व ऑफलाइन हिस्सा लेंगे।

प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में अमेरिका, फ्रांस, रूस, स्लोवाकिया, मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ ऑनलाइन व पांडिचेरी विवि, मद्रास विवि, शिवाजी विवि और नेताजी सुभाष विवि के गणितज्ञ ऑफलाइन व्याख्यान देंगे। देश-विदेश के 125 से अधिक रिसर्च स्कॉलर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

आयोजन पंजाब केंद्रीय विवि, एसआरएमएस, पांडिचेरी विवि की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के शिक्षाविदों, उद्योगों, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान व विकास संगठनों के शोधकर्ताओं को एक साथ लाना है। सम्मेलन में विश्व के ख्याति प्राप्त गणितज्ञ शामिल होकर अंतर समीकरण, गणितीय मॉडलिंग, ग्राफ सिद्धांत, सिमुलेशन, गतिशील प्रणाली आदि विषयों पर चर्चा करेंगे। संवाद